प्रदेश में दोबारा भाजपा आई तो लगेगा कि ऊपर वाला सो गया : हरीश रावत

पूर्व मुख्यमंत्री बोले, भाजपा सरकार पत्थर है, गरीबों का दुख-दर्द नहीं समझेगी

जागरण संवाददाता, रामनगर : पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बाहरी राज्यों के लोगों को बसाकर खुद उत्तराखंड की डेमोग्राफी बदल रहे हैं। जिनका कोई अता पता नहीं है, ऐसे लोगों को राज्य में जमीन खरीदवाई जा रही है।

बड़ी संख्या में लोग बाहर से बस रहे हैं, जिससे यहां की डेमोग्राफी बदल रही है। जो जमीनें हमारे बच्चों के काम आतीं, वह बाहरी राज्य के लोगों को लीज पर दी जा रही है। गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री रावत वन ग्रामों को राजस्व गांव का दर्जा देने की मांग के लिए निकाली गई पदयात्रा के समापन पर तहसील परिसर में लोगों को संबोधित कर रहे थे। उपाध्यक्ष प्रमुख संजय नेगी नेतृत्व में महाविद्यालय के समीप से पदयात्रा आरंभ हुई। वन ग्रामों के सैकड़ों लोग व कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में वन ग्रामों को राजस्व बनाने व सांसद अनिल बलूनी बाद पूरा करते लिखी तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए तहसील पहुंचे। यहां पूर्व मुख्यमंत्री रावत ने कहा कि वर्ष 2007 में कांग्रेस ने लोगों को मालिकाना हक देने के लिए वन अधिकार कानून बनाया था। भाजपा ने उसे कूड़े के ढेर में फेंक दिया है। आरोप लगाया कि सांसद अनिल बलूनी भी उसी नस्ल भाजपा से आते हैं, जिनकी सोच ही गरीब के लिए नहीं है। भाजपा पत्थर है, वह आपके दर्द को नहीं समझेगी। कहा जब लोग उजाड़ने आएं तो अन्य बस्तियों को उनके साथ खड़े होकर विरोध करना चाहिए।

रामनगर तहसील में प्रदर्शन में शामिल पूर्व सीएम हरीश रावत (मध्य) • जागरण

भाजपा सत्ता चलाने के साथ ही लोगों को लूटने का भी काम कर रही है। जितना भ्रष्टाचार उत्तराखंड में अब हो रहा उतना कभी राज्य व देश में नहीं हुआ। यदि इसके बाद भी भाजपा 2027 में आती है तो ऐसे लगेगा कि ऊपर वाला सो गया है।

जगा लोग तो भाजपा नहीं आनी चाहिए। इस दौरान ब्लाक प्रमुख मंजू नेगी, उपाध्यक्ष प्रमुख संजय नेगी, पुष्कर दुर्गापाल, ताहूर खान, एस लाल, चनर राम, विशांत पपने, नारायण सिंह राणा सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

गैरसैंण सत्र पहाड़ व पहाड़ की जनता से धोखा : खष्टी बिष्ट

संवाद सहयोगी जागरण, भवाली: महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने गैरसैंण में आयोजित विधानसभा सत्र को महज खानापूर्ति बताते हुए इसे पहाड़ और पहाड़ की जनता से धोखा करार दिया। उन्होंने राज्य सरकार से गैरसैंण को स्थायी राजधानी घोषित करने की मांग की। बिष्ट ने आरोप लगाया कि प्रदेश में महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। पहाड़ों में जंगली जानवरों का आतंक बढ़ रहा है और अंकिता प्रकरण में अब तक न्याय नहीं मिला, जबकि सफेदपोश लोगों को बचाया जा रहा है।

खष्टी बिष्ट • जागरण

किसानों को नैनो उर्वरकों के बारे में दी जानकारी

संवाद सूत्र जागरण बोरागलिया: किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से अवगत कराने के उद्देश्य से इफको के अधिकारियों ने जागरूक किया।

किसान सेवा सहकारी समिति परिसर में इफको क्षेत्र अधिकारी दीपक आर्य ने किसानों को इफको की नैनो यूरिया, डीएपी, कापर, आदि के बारे में बताया इन नैनो उर्वरकों के प्रयोग से किसान खेती की लागत को कम कर सकते हैं और फसलों की उत्पादकता बढ़ा सकते हैं। साथ ही उन्होंने किसानों को इन उर्वरकों के सही उपयोग के बारे में भी जानकारी दी।

उत्तराखंड में 19 में से आठ रेल पुलों का निर्माण पूरा

- वर्ष 2009-14 में 187 करोड़ रुपये आवंटित हुए थे
- 216 किमी की तीन नई रेल लाइनों को स्वीकृति मिली

बिजौरी, हल्द्वानी : सांसद अजय भट्ट ने सदन में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से उत्तराखंड से जुड़ी रेल परियोजनाओं के बारे में प्रश्न पूछे। सांसद भट्ट ने बताया कि केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने विस्तार से जानकारी दी। जिसमें बताया कि वर्ष 2009-14 में 187 करोड़ रुपये आवंटित हुए थे। जबकि, 2025-26 के लिए 4641 करोड़ रुपये बजट जारी किया गया है, जो 25 गुना तक अधिक है। 40.384 करोड़ की लागत से 216 किलोमीटर कुल लंबाई को कवर करने वाली तीन नई रेल लाइनों को स्वीकृत किया गया है। इनमें से 16 किमी की लंबाई का काम पूरा हो गया है। साथ ही चारधाम को रेल से जोड़ने के लिए ऋषिकेश-कर्णप्रयाग नई लाइन परियोजना स्वीकृत की गई है। 19 महत्वपूर्ण और बड़े पुलों को भी शामिल किया गया है, जिनमें से आठ का निर्माण पूरा हो चुका है। भट्ट ने बताया कि गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ तक रेल कनेक्टिविटी के विस्तार का सर्वेक्षण पूरा होने की जानकारी मिली है।

अजय भट्ट • जागरण

चौपाटी को लेकर बढ़ा क्रेज डेली बजार के भी आवेदन

- अब तक 24 आवेदन, सत्यापन के बाद ही मिलेगी अनुमति

जागरण संवाददाता, हल्द्वानी: कुमाऊं के प्रवेशद्वार हल्द्वानी में मुंबई वाली चौपाटी का क्रेज लगातार बढ़ रहा है। शहर में आठ से ज्यादा जगहों पर चौपाटी बजार खुल चुके हैं। जहां फास्ट फूड, मार्केटिंग से लेकर अन्य व्यंजनों का स्वाद चखने को मिल रहा है। निगम के पास 24 आवेदन पहुंचे हैं। जिसमें चौपाटी से लेकर डेली बजार आवेदन शामिल हैं। डेली बजार में किसी तब जगह पर अलग-अलग सामान की बिक्री से जुड़ी दुकानें नजर आएंगी।

हल्द्वानी में वर्तमान में नैनीताल रोड, कालाढूंगी रोड, मुखानी और नहर कवरिंग रोड पर चौपाटी चल रही है। चौपाटी और डेली बजार को लेकर निगम की ओर से नियम भी तय किए हैं। शीघ्रातिशीघ्र पार्किंग, रोशनी से लेकर सफाई व्यवस्था भी मालिक को करनी होगी। रजिस्ट्रेशन के तौर पर दस हजार रुपये जमा करने के साथ ही प्रति दुकान रोजाना 40 रुपये का शुल्क भी लिया जाएगा।

फिलहाल निगम के पास डहरिया, हरियुर नायक, लोहरियासाल मल्ला, हाइडिल, टमुकाढूंगा बंटोबस्ती, गैस गोदाम रोड, छड़ायल, खालडांठ आदि क्षेत्रों से 24 लोगों ने चौपाटी और डेली बजार खोलने के लिए आवेदन किया है। नगर आयुक्त पारितोष वर्मा का कहना है कि दस्तावेजों के सत्यापन के बाद अनुमति मिल जाएगी।

Kalyan Singh Super Specialty Cancer Institute
C.G. City, Sultanpur Road, Lucknow-(226002)
Website: https://kscancerinstitute.edu.in, Email: jdmm.ansh@gmail.com

NOTICE

GeM Bid No.: GEM/2026/B/7289402 dated 25.02.2026
(CAMROC of Complete Fire Fighting and Fire Alarm System)
(Corrigendum)

Corrigendum related to the bid has been uploaded on the GeM Portal. Interested bidders may visit the GeM Portal/website (www.cancerinstitute.edu.in) for further details.

Advt No:- KSSSGI/Tender-38 /2025-26 DIRECTOR

तलाश गुमशुदा

दिनेश कुमार उर्फ दीपक
पुत्र विशन राम उम्र-32 वर्ष
निवासी- हाईडिल कालोनी के पास
पिथौरागढ़ कोतवाली- पिथौरागढ़
जनपद- पिथौरागढ़- 7465570564
हुलिया- आँख, कान और नाक औसत,
लम्बाई- 5 फुट 2 इंच लगभग
रंग- साँवला

कोतवाली पिथौरागढ़ जनपद पिथौरागढ़ में दिनांक 14.07.2025 को विशन राम पुत्र धनी राम निवास पिथौरागढ़ हाईडिल कॉलोनी पिथौरागढ़ ने खुद के पुत्र दिनेश कुमार उर्फ दीपक 32 वर्ष उपरोक्त के अपने घर में दिनांक 11.07.2025 अपने घर हाईडिल कॉलोनी, में रात्रि में सोने के बाद सुबह 6:00 बजे बिस्तर पर सोते हुए नहीं मिले काफी खोजबीन का प्रयास करने पर भी दिनेश कुमार उर्फ दीपक के सम्बध में कोई जानकारी नही मिल पाने पर गुमशुदगी दाखिल की गयी थी, जिस पर थाना कोतवाली पिथौरागढ़ में मु. FIRNO-133/2025 धारा-140(3) BNS बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया है। अतः गुमशुदा दिनेश उर्फ दीपक उम्र-32 वर्ष उपरोक्त के सम्बध में किसी को कोई जानकारी / सूचना प्राप्त हो तो सूचित करने का कष्ट करें।

सम्पर्क
विशन राम- 7465970564 (पिता)
विवेचक- उ.नि. कुवेर सिंह- 9456781489
निरीक्षक कोतवाली पिथौरागढ़- 9411112888

यूजेवीएन लिमिटेड
मुख्यालय 'उरमिल' कालोनी रोड, पीपलपानी चौक, देहरादून-248008
दूरभाष: 0135-2763333, फैक्स: 0135-2763333
CIN:U40101UR2010SGC33998 | Website: www.ujvnl.com

पत्रांक-210 **निविदा विस्तार सूचना-02** दिनांक- 12/03/2026

अपरिहार्य कारणों से ऑनलाईन निविदा सं0 (I) T-04/EE(Solar)/2025-26 (II) T-05/EE(Solar)/2025-26 (III) T-06/EE(Solar)/2025-26 & (IV) T-07/EE(Solar)/2025-26 से सम्बन्धित निम्नांकित तिथियां निम्नवत पुनरीदित की जाती हैं।

वैबसाइट पर निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि व समय : 20.03.2026 को 18 बजे तक
कार्यालय में निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय : 23.03.2026 को 12 बजे तक
वैबसाइट पर निविदा खोलने की तिथि व समय: 23.03.2026 को 13 बजे से

निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण व शर्तें यथावत रहेंगी। निविदा से सम्बन्धित परिशिष्ट, शुद्धि पत्र अथवा निरस्तीकरण के विवरण की जानकारी वैबसाइट से ली जा सकती है।
निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी ई-प्राक्योरमेंट पोर्टल "http://uktenders.gov.in" से भी देखी जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता (सोलर)

"बिजली के सुरक्षित उपयोग से बचें"

कार्यालय मुख्य कृषि अधिकारी, चम्पावत

पत्रांक: मु.कृ.अ./2293/एफ.एन.पी./विज्ञापन/2025-26 दिनांक 12 मार्च,2026

कृषक बन्धु कृपया ध्यान दें।

जनपद चम्पावत में एफपीओ पंजीयनार्थ फार्म सीधाई इस डिजिटल प्रति सर्व का आर्ड किये जाने के संबंध में।

जनपद चम्पावत के समस्त कृषक समूहों को सहज सुविधा दिया जाता है कि एफपीओ पंजीयनार्थ विभागों की डिजिटल आईडीए (एफपीओ फार्मर सीधाई) तैयार करने का कार्य लगातार जारी है। विभिन्न आईडीए (फार्मर सीधाई) का उपयोग किसानों की भूमि को डिजिटल रूप में रजिस्टर करना है, जिससे उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। अतः समस्त कृषक समूहों से यह भी सूचित करना है कि भविष्य में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने हेतु समस्त लाभार्थियों की डिजिटल आईडीए (एफपीओ फार्मर सीधाई) होना नितान्त आवश्यक होगा।

- फार्मर रजिस्ट्री हेतु आवश्यक दस्तावेज-
  1. आधारकार्ड
  2. मोबाइल नम्बर (आधार से लिंक)
  3. भूमि दस्तावेज (खसरा/ खतौनी)
- फार्मर सीधाई बेस बनाने-
  1. सरकार द्वारा विभिन्न राजस्व एवं निविदित क्षेत्रों में डिजिटल आईडीए (फार्मर रजिस्ट्री) तैयार करने हेतु कैम्प लगाये जा रहे हैं। जिसके माध्यम से कृषक अपनी फार्मर रजिस्ट्री तैयार करा सकते हैं।
  2. दूर संचार केन्द्रों (सीएससी) के माध्यम से भी कृषक अपनी फार्मर आईडीए तैयार करवा सकते हैं। जिसमें न्यूनतम शुल्क भुगतान का उल्लेख रजिस्ट्री तैयार की जा सकती है।
  3. कृषक https://ukfr.agristack.gov.in/farmer-reg-svy-ui/#/ पोर्टल पर स्वयं भी अपनी फार्मर रजिस्ट्री करवा सकते हैं।

कृषक बन्धु अधिक जानकारी के लिए सम्बन्धित ब्लॉक के राजस्व उप निरीक्षक, न्याय पंचायत प्रभारी (कृषि), विकासखण्ड प्रभारी (कृषि), कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय एवं मुख्य कृषि अधिकारी चम्पावत के कार्यालय से कार्यालय समयानुसार में सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

सम्पर्क- मुख्य कृषि अधिकारी कार्यालय-05965 230052, एडीओ ब्लॉक्स सब डीवीजी गैरा और लोहाघाट कृषि अधिकारी-1 मोबाइल नंबर-8791713649

मुख्य कृषि अधिकारी
चम्पावत।

पंजाब एण्ड सिंध बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) Punjab & Sind Bank (A Government Of India Undertaking) Where service is a way of life

ई-नीलामी बिक्री सूचना

आंचलिक कार्यालय, बरेली
97/2, तुलाशेरपुर पीलीभीत बाईपास रोड बरेली, उ.प्र. पिन-243122
दूरभाष : 0581-2510513 ई-मेल : zo.bareilly@psb.co.in

["परिशिष्ट IV-A"]

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन नियम, 2002) के नियम 8 (6) के साथ पठित वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना ।

ई-नीलामी तिथि व समय : 30.03.2026 प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 01 बजे तक

ईएमडी व दस्तावेज़ जमा करने की अंतिम तिथि : 27.03.2026 शाम 5:00 बजे तक | **संपत्ति निरीक्षण तिथि व समय : 27.03.2026 प्रातः 10:00 बजे से 04 बजे तक**

सामान्य रूप से आम जनता को और विशेष रूप से ऋणी और जमानतकर्ता को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास बंधक है, जिसका रचनात्मक/भौतिक कब्जा पंजाब एंड सिंध बैंक, सुरक्षित लेनदार के अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। उक्त संपत्ति की बिक्री से बैंक की बकाया राशि की वसूली के लिए "जैसा है जहां है", "जैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा। बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट https://baanknet.com पर प्रदान किए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी।

अचल सम्पत्तियों का विवरण

क्र. सं	शाखा/ऋणी/बन्धककर्ता/जमानतकर्ता का नाम व पता	सम्पत्ति एवं स्वामी का विवरण	मांग सूचना तिथि / मांग पत्र 13(2) में अंकित राशि	आरक्षित मूल्य / ईएमडी राशि / वृद्धि राशि	संपत्ति फोटो/ वीडियो के लिए क्यूआर कोड	संपत्ति के स्थान के लिए कोड	सेवा प्रदाता के लिए क्यूआर कोड
1.	शाखा- रुद्रपुर (रु0112) 1. मैसर्स एस.एम. इंडस्ट्रीज प्रो0. श्री पिकलू दास पुत्र भवित्र मोहन दास, प्लॉट नं. 28, सेक्टर 2, आईआईई पंतनगर, जिला यू.एस. नगर, 263153, उत्तराखंड (ऋणी) 2. श्री पिकलू दास पुत्र भवित्र मोहन दास, मकान नंबर 13, शिमला पिस्तौर, सिंगमेल्स हाउसिंग चंदला अस्पताल के पास, तहसील किच्छा, जिला यू.एस. नगर, उत्तराखंड (ऋणी/बंधककर्ता) 3. श्रीमती रीना दास पत्नी पिकलू दास, मकान नंबर 13, शिमला पिस्तौर, सिंगमेल्स हाउसिंग चंदला अस्पताल के पास, तहसील किच्छा, जिला यू.एस. नगर, 263153, उत्तराखंड (जमानतकर्ता) 4. श्री नीरज कुमार गुप्ता पुत्र जय नारायण गुप्ता, शिव मौली रोड, आवास विकास, रुद्रपुर, जिला यू.एस. नगर, 263153, उत्तराखंड (जमानतकर्ता)	संपत्ति नं. 01 : सम्पत्ति क्षेत्रफल 173.27 वर्ग मीटर स्थित खेत नंबर 213 का भाग जो श्रीमती रीना दास पत्नी पिकलू दास के नाम मकान नंबर 13, शिमला पिस्तौर, सिंगमेल्स हाउसिंग चंदला हॉस्पिटल के पास, तहसील किच्छा, जिला यू.एस. नगर, 263153, उत्तराखंड में स्थित है। बही संख्या 1, क्रमांक 2061, जिल्द संख्या 1798, पृष्ठ संख्या 203 से 214, दिनांक 24.12.2014 को उप रजिस्ट्रार, किच्छा, उत्तराखंड में पंजीकृत. संपत्ति की चौहद्दी : उत्तर: मकान नंबर- 14, दक्षिण: मकान नंबर 12, पूरब: सेठ कॉलोनी, पश्चिम: चंदला अस्पताल संपत्ति नं. 02 : सम्पत्ति क्षेत्रफल 111.15 वर्ग मीटर जो श्री पिकलू दास पुत्र भवित्र मोहन दास के नाम खेत नंबर 276, प्राइवेट प्लॉट नंबर 1, आल्हा कॉलोनी, ग्राम लालपुर, प्रति रुद्रपुर तहसील किच्छा, जिला यू.एस. नगर, उत्तराखंड में स्थित है। बही नंबर 1, क्रमांक 6010, पेज 137 से 164 इलेक्ट्रोस्टेट जिल्द नंबर 371 दिनांक 14.08.2010 को उप रजिस्ट्रार, किच्छा, उत्तराखंड में पंजीकृत। संपत्ति की सम्पत्ति की चौहद्दी: उत्तर: सड़क 30"-0" चौड़ी, दक्षिण: अन्य की संपत्ति, पूरब : खुली पन्नालेल कॉलोनी, पश्चिम: प्राइवेट प्लॉट नंबर 02	30.01.2024 रुपये 1,42,21,251.88/- + दिनांक 29.01.2024 से प्रगामी ब्याज एवं अन्य खर्चे	संपत्ति नं. 01 रु. 74,88,000.00 रु. 7,48,000.00 रु. 75,000.00 संपत्ति नं. 02 रु. 43,93,000.00 रु. 4,39,300 रु. 45,000.00			
2.	शाखा- रुद्रपुर (रु0112) 1. श्रीमती लीना शर्मा पत्नी श्री राजकुमार शर्मा पुत्री श्री वीरेंद्र शर्मा, निवासी डी 16 तपस्या बिहार, गंगापुर रोड रुद्रपुर, तहसील रुद्रपुर, जिला यू.एस. नगर (यू.के.) (ऋणी/बंधककर्ता) 2. श्री राज कुमार शर्मा पुत्र श्री केहर शर्मा निवासी डी 16 तपस्या बिहार, गंगापुर रोड रुद्रपुर, तहसील रुद्रपुर, जिला यू.एस. नगर (यू.के.) (बंधककर्ता) 3. श्री अभय शर्मा पुत्र श्री केहर शर्मा निवासी 4 स्टेबिलयम रोड, जगतपुरा, बसुंधरा एन्क्लेव, रुद्रपुर, जिला यू.एस. नगर (यू.के.) (जमानतकर्ता) 4. श्री अजीत सिंह पुत्र श्री गुरमीत सिंह निवासी ग्राम-रामेश्वरपुर, तहसील रुद्रपुर, जिला यू.एस. नगर (यू.के.) (जमानतकर्ता)	सुरक्षित संपत्ति: अचल संपत्ति के सांमिक बंधक खसरा नंबर 80 मिन (मकान नंबर 55) क्षेत्रफल 167.28 वर्ग मीटर, श्रीमती लीना शर्मा पत्नी श्री राजकुमार शर्मा पुत्री श्री वीरेंद्र शर्मा निवासी डी 16 तपस्या बिहार, गंगापुर रोड रुद्रपुर, तहसील रुद्रपुर, जिला यू.एस. नगर (यू.के.) के नाम रुद्रपुर देहरा, तहसील रुद्रपुर, जिला यू.एस. नगर (यू.के.) में स्थित है। बही नं. 1, जिल्द नं. 509, पेज नं. 271-286 एवं क्रमांक 5840 दिनांक 04.10.2018 को उप-रजिस्ट्रार कार्यालय रुद्रपुर, जिला यू.एस. नगर में पंजीकृत है। विक्रय विलेख के अनुसार चौहद्दी : पूरब: प्राइवेट प्लॉट नंबर 97, पश्चिम : 9.14 मीटर रास्ता, उत्तर : मिल्कीन प्राइवेट प्लॉट नंबर 54 से बनी है। दक्षिण : 9.14 मीटर चौड़ा रास्ता	27.06.2023 रुपये 33,60,961.76/- + दिनांक 27.06.2023 से प्रगामी ब्याज एवं अन्य खर्चे	रु. 70,87,000.00 रु. 7,08,700.00 रु. 71,000.00			
3.	शाखा- रुद्रपुर (रु0112) 1. मैसर्स सोबर इन्फ्रास्ट्रीज प्रो. श्रीमती लीना शर्मा पत्नी श्री राजकुमार शर्मा पुत्री श्री वीरेन्द्र शर्मा नि. डी 16 तपस्या बिहार, गंगापुर रोड रुद्रपुर, तहसील रुद्रपुर, जिला यू.एस. नगर (यू.के.) (ऋणी/ बंधककर्ता) 2. श्रीमती लीना शर्मा पत्नी श्री राजकुमार शर्मा पुत्री श्री वीरेन्द्र शर्मा नि. डी 16 तपस्या बिहार, गंगापुर रोड रुद्रपुर, तहसील रुद्रपुर, जिला यू. एस. नगर (यू.के.) (ऋणी/बंधककर्ता) 3. श्रीमती बिन्देश्वरी रावत पत्नी श्री रवीन्द्र सिंह रावत नि. 698, आवास विकास, वार्ड सं. 20 रुद्रपुर, जिला यू.एस. नगर (यू.के.) (जमानतकर्ता) 4. श्री रवीन्द्र सिंह रावत पुत्र श्री विजय सिंह रावत नि. ई-10 गंगापुर रोड, निलाट दरबा अपार्टमेन्ट, तपस्या बिहार, बिगवाड़ा, जिला यू.एस. नगर (यू.के.) (जमानतकर्ता)	सम्पत्ति सं. 01 : सम्पत्ति के सांमिक बन्धक खसरा सं. 75 स्व मिन क्षेत्रफल 358.73 वर्ग मी. श्रीमती लीना शर्मा पत्नी श्री राजकुमार शर्मा पुत्री श्री वीरेन्द्र शर्मा नि. डी16 तपस्या बिहार, गंगापुर रोड रुद्रपुर, तहसील रुद्रपुर, जिला यू.एस. नगर (यू.के.) के नाम अचल सम्पत्ति जफरपुर तहसील रुद्रपुर, जिला यू. एस. नगर (यू.के.) में स्थित है। बही सं. 1, जिल्द सं. 2747, पृष्ठ सं. 215-238 एवं क्र.सं. 4103 दिनांक 13.06.2022 को सब रजिस्ट्रार ऑफिस रुद्रपुर, जिला यू.एस. नगर में पंजीकृत जिसकी चौहद्दी इस प्रकार है : पूरब – लवली अपेऱा का भूमि, पश्चिम: लाल चमन गुप्ता की भूमि, उत्तर: तालाब, दक्षिण : 7.57 मी. रास्ता सम्पत्ति सं. 02: सम्पत्ति के सांमिक बन्धक खसरा सं. 75 स्व मिन क्षेत्रफल 223.04 वर्ग मी. श्रीमती लीना शर्मा पत्नी श्री राजकुमार शर्मा पुत्री श्री वीरेन्द्र शर्मा नि. डी16 तपस्या बिहार, गंगापुर रोड रुद्रपुर, तहसील रुद्रपुर, जिला यू.एस. नगर (यू.के.) के नाम अचल सम्पत्ति जफरपुर, तहसील रुद्रपुर, जिला यू. एस. नगर (यू.के.) में स्थित है। बही सं. 1, जिल्द सं. 2747, पृष्ठ सं. 237-258 एवं क्र.सं. 4104 दिनांक 13.06.2022 को सब रजिस्ट्रार ऑफिस रुद्रपुर, जिला यू.एस. नगर में पंजीकृत जिसकी चौहद्दी इस प्रकार हैं : पूरब – अन्य का मकान, पश्चिम – लाल चमन गुप्ता की भूमि, उत्तर- तालाब, दक्षिण – 7.57 मी. रास्ता	27.06.2023 रुपये 1,49,44,964.98/- + दिनांक 27.06.2023 से प्रगामी ब्याज एवं अन्य खर्चे	रु.1,10,81,000.00 रु.11,08,100.00 रु.1,11,000.00			
4.	शाखा- रुद्रपुर (आरा0112) 1. मैसर्स श्री राधे ट्रेडर्स प्रो0. श्री दीपक यादव पुत्र देश राज यादव निवासी शिवबाग गंडी बाजार, कलां बिलासपुर, जिला-रामपुर (ऋणदाता/ बंधककर्ता) 2. श्री देवेन्द्र यादव पुत्र देशराज यादव निवासी मोहल्ला बाजार कलां, बीसलपुर, रामपुर (जमानतकर्ता/बंधककर्ता)	संपत्ति सं. 1 आवासीय संपत्ति के सामिल बन्धक गाटा संख्या 138 व 143 रकबा 199 वर्ग मीटर श्री दीपक यादव पुत्र देश राज यादव निवासी शिवबाग गंडी बाजार कलां बिलासपुर जिला-रामपुर के नाम पर टांडा जदीद तहसील-बिलासपुर जिला-रामपुर में स्थित है। बिक्री विलेखानुसार सीमायें-पूरब : ईदगाह की सीमा, पश्चिम : दर्शन सिंह का मकान, उत्तर : 12 फीट चौड़ा मार्ग, दक्षिण : अन्य का प्लॉट।	01.07.2021 रु.56,21,166.00/- + 08.07.2021 तक का ब्याज व 01.07.2021 के आगे का ब्याज, कानूनी खर्च एवं अन्य खर्च आदि	रु. 35,76,000.00 रु. 3,57,600.00 रु. 36,000.00			

प्राधिकृत अधिकारी का नाम और संपर्क नंबर : श्री ऋषि राज सिंह एवं संपर्क नंबर 7888503543

ईएमडी को बोलीदाता द्वारा ई-नीलामी पोर्टल https://ebkray.in@BYNEFT/RTGS/CHALLAN पर उपलब्ध कराए गए अपने वॉलेट में स्थानांतरित किया जाना है।
उस खाते का विवरण जिसमें ईएमडी के बाद शेष राशि आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से जमा की जानी है : खाते का नाम- इनईएफटी पार्किंग खाता; खाता नंबर- 8017504070003; आईएफएस कोड- PSIB0006017.
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया https://punjabandsindbank.co.in/module/earfasel-list और https://baanknet.com/ देखें।
नोट : इस नोटिस को नियम 8(6) सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम-2002 के उक्त प्रावधानों और चार्टर्ट (एस/ए) को 15 दिनों की वैधानिक बिक्री नोटिस के रूप में भी माना जाना चाहिए।

दिनांक : 13.03.2026 स्थान: रुद्रपुर प्राधिकृत अधिकारी पंजाब एण्ड सिंध बैंक